दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 31 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य की चार विधानसभा सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के लिए कुल अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

02. उत्तर बिहार के जिलों में कल से और दक्षिण बिहार में पन्द्रह नवम्बर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद।

03. कृतज्ञ राष्ट्र आज आधुनिक भारत के निर्माता, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ उनतालीसवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

04. और, दीपों का त्योहार दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

————————————————————

प्रदेश के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, रामगढ़, इमामगंज और बेलागंज उपचुनाव के लिए कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। कल नाम वापसी के अंतिम दिन छह उम्मीदवारों ने अपने पर्चे वापस लिये। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तरारी विधानसभा क्षेत्र से चार और रामगढ़ से दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, तरारी विधानसभा क्षेत्र से दस, इमामगंज से नौ और रामगढ़ से पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों के लिए मतदान तेरह नवम्बर को होगा जबकि मतों की गिनती तेईस नवम्बर को होगी। अठारहवीं लोकसभा के लिए सभी चार मौजूदा विधायकों के चुने जाने के कारण इन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराया जा रहा है।

————————————————————

वरिष्ठ राजनेता आर.सी.पी. सिंह आज भाजपा से अलग होकर नये दल के गठन की घोषणा करेंगे। पटना में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह नये पार्टी के नाम का ऐलान करेंगे।

————————————————————

प्रदेश में तेरह लाख अस्सी हजार छह सौ सत्रह नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किये गये हैं। वहीं, पांच लाख पचासी हजार तीन सौ चार मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाये गये हैं। निर्वाचन आयोग ने कल मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया। इस सूची के अनुसार राज्य में अभी मतदाताओं की कुल

संख्या सात करोड़ बहत्तर लाख अट्ठाईस हजार छह सौ बयालीस है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या चार करोड़ चार लाख अड़तीस हजार बहत्तर जबकि महिला मतदाताओं की संख्या तीन करोड़ सड़सठ लाख अट्ठासी हजार तीन सौ निन्यानवे है। वहीं, थर्ड जेंडर के कुल मतदाताओं की संख्या दो हजार एक सौ इकहत्तर है। आयोग के सर्वे में यह बात सामने आई है कि राज्य में पुरूषों की तुलना में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत अधिक है। प्रति हजार पुरूष पर एक हजार सत्रह महिलाओं ने मतदान में भाग लिया।

——————————————————————

राज्य में कल से धान की सरकारी खरीद शुरू होगी। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि उत्तर बिहार के जिलों में कल से जबकि दक्षिण बिहार के जिलों में पन्द्रह नवम्बर से पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से धान की खरीद की जायेगी। धान खरीद की समय सीमा अगले वर्ष पन्द्रह फरवरी तक निर्धारित की गयी है।

———बाईट———

डॉक्टर कुमार ने बताया कि इस बार पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित रैयत किसानों से अधिकतम दो सौ पचास क्विंटल और गैर रैयत किसानों से अधिकतम एक सौ क्विंटल धान की खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया कि धान क्रय करने के अड़तालीस घंटे के भीतर किसानों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। सहकारिता मंत्री ने बताया कि विभाग इस बार धान बेचने वाले किसानों को बोनस देने पर विचार कर रहा है।

———बाईट———

——————————————————————

बिहार सरकार ने केन्द्र से विशेष सहायता पैकेज की मांग की है। नीति आयोग के साथ पूर्वोत्तर राज्यों के बैठक में मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने राज्य की विकास दर ग्यारह फीसदी बनाये रखने के लिए विशेष सहायता की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने बांधों के निर्माण, नहरों के पुनरूद्धार, बांधों की ऊंचाई बढ़ाने और नदियों से गाद हटाने सहित बाढ़ की समस्या के समाधान का मुद्दा भी उठाया। श्री मीणा ने ग्रामीण सड़कों के निर्माण और रख—रखाव के लिए भी केन्द्र से आर्थिक सहायता की मांग की। इसके अलावा मुख्य सचिव ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में केन्द्रीय उपक्रमों से निवेश का आग्रह किया। नीति आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर रमेश चंद्र की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बिहार, और झारखंड समेत पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्य सचिव शामिल हुये।

————————————————————————

राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी की है। कनीय अभियंताओं का मानदेय छत्तीस हजार रूपये से बढ़ाकर साठ हजार रूपये प्रति माह कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से विभिन्न विभागों के एक हजार छह सौ सत्ताईस कनीय अभियंताओं को लाभ मिलेगा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पहली अक्टूबर से मानदेय वृद्धि की व्यवस्था प्रभावी होगी। वहीं, सरकार ने राजस्व और भूमि सुधार विभाग के तहत जमीन सर्वे में लगे कर्मियों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की है। संविदा राजस्व कर्मियों के मानदेय में प्रतिमाह चार हजार रूपये से लेकर आठ हजार रूपये तक की वृद्धि की गयी है।

————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज आधुनिक भारत के निर्माता, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ उनतालीसवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को **राष्ट्रीय एकता दिवस** के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के एकता नगर में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर आयोजित समारोह में भाग ले रहे हैं। श्री मोदी ने देश की ओर से सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की और देशवासियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

———बाईट———

इधर, राजधानी पटना में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मुख्य समारोह पटेल चौक के पास स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल पर आयोजित किया जा रहा है। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और अन्य गणमान्य लोग सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। यह दिन राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर पटना स्थित आईजीआईएमएस प्रांगण में मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे। कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भी इस मौके पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————————

दीपों का त्योहार दीपावली आज पारंपरिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर धन की देवी लक्ष्मी और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा–अर्चना की जाती है। दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है।

लोग सुबह से ही पूजा सामग्रियों की खरीदारी करते दिख रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दीपावली के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

दीपावली को देखते हुए राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इधर, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी है। साथ ही सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने आपतकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में अतिरिक्त चिकित्सकों की भी तैनाती की है। इधर, राज्य सरकार ने दीपावली को लेकर अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रखा है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुये पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग तथा बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने लोगों से ग्रीन दीपावली मनाने की अपील की है। पर्षद ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के आलोक में पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर शहर में पटाखों के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने लोगों से प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हरित पटाखों का उपयोग रात्रि आठ बजे से दस बजे तक ही किया जा सकेगा।

———बाईट———

———————————————————————

दीपावली और छठ पर्व को देखते हुये पूर्व मध्य रेलवे ने सोलह जोड़ी और स्पेशल ट्रेन के परिचालन का फैसला किया है। इन ट्रेनों का परिचालन बेंगलुरू से बरौनी, सियालदह से दरभंगा, कोलकाता से पटना, टाटा से कटिहार और पूर्णियां से रांची सहित अन्य शहरों के बीच किया जायेगा।

———————————————————————

पटना हाई कोर्ट में दीपावली, चित्रगुप्त पूजा और छठ पूजा को लेकर आज से दस नवम्बर तक अवकाश रहेगा। वहीं, राज्य की सभी निचली अदालतें आज से ग्यारह नवम्बर तक बंद रहेंगी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– जमीन सर्वे कर्मियों के मानदेय में बढ़ोतरी, संविदा राजस्व कर्मियों को प्रतिमाह दस हजार रूपये तक का लाभ।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बिहार में एक वर्ष में बढ़ गये आठ लाख निर्वाचक।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– छठ पर्व पर जलस्तर की जांच करेगी जल संसाधन विभाग की टीम। गंगा घाटों की ड्रोन से भी होगी निगरानी।

प्रभात खबर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– समृद्ध होते बिहार की कहानी, पांच वर्षों में बढ़ गयी चौंतीस प्रतिशत आमदनी।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– अयोध्या में दीपावली, एक साथ जले पच्चीस लाख से अधिक दीये।

आज अखबार की सुर्खी है– छह हजार इकसठ प्रधानाध्यापकों और सैंतीस हजार नौ सौ तैंतालीस प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति जल्द।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...............

01. राज्य की चार विधानसभा सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के लिए कुल अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

02. उत्तर बिहार के जिलों में कल से और दक्षिण बिहार में पन्द्रह नवम्बर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद।

03. कृतज्ञ राष्ट्र आज आधुनिक भारत के निर्माता, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी एक सौ उनतालीसवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

04. और, दीपों का त्योहार दीपावली आज पूरे देश में पारंपरिक आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।